**मुख्य समाचार :—**

- इसरो ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान तकनीक के हस्तांतरण और इसे वाणिज्यिक स्तर पर ले जाने के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए।
- ऊधमसिंह नगर जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने रुद्रपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।
- चमोली में नंदा राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक। विभिन्न विभागों के प्रस्तावित कार्यों पर की गई चर्चा।

**इसरो**

न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन— इसरो, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान— एस.एस.एल.वी. तकनीक के हस्तांतरण के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसरो द्वारा विकसित, एस.एस.एल.वी. एक त्वरित प्रक्षेपण यान के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जिसका औद्योगिक उत्पादन के लिए विस्तार किया जा सकता है। इसका उद्देश्य छोटे उपग्रहों के  प्रक्षेपण के वैश्विक बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाना है। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह समझौता देश के अंतरिक्ष क्षेत्र के सुधारों की दिशा में बडा कदम है, जो एस.एस.एल.वी. के वाणिज्यिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त करता है। इसकी सफल तैनाती से भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। साथ ही घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे उपग्रहों की प्रक्षेपण सेवाओं की बढती मांग को पूरा किया जा सकेगा।

**प्रधानमंत्री दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद वे देहरादून में अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल शाम जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस मॉनसून सीज़न में उत्तराखंड के कई जिलों—विशेषकर उत्तरकाशी, चमोली, पौड़ी, बागेश्वर और टिहरी में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री के दौरे से राहत और पुनर्निर्माण कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।

**स्थापना दिवस**

अल्मोड़ा जिले में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण कोसी—कटारमल की ओर से संस्थान का 31वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर चुके विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। संस्थान के निदेशक डॉ. आई.डी भट्ट ने कहा कि स्थापना दिवस पर जलवायु परिवर्तन, पलायन आदि को लेकर विशेष कार्य कर चुके विशेषज्ञों को बुलाकर उनके अनुभव साझा किए जाते हैं।  भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के पूर्व निदेशक डॉ. गोपाल सिंह रावत ने बढ़ते मानव—वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए मानवीय सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। स्थापना दिवस समारोह में हस्त निर्मित पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**प्रभारी मंत्री**

ऊधमसिंह नगर जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने रुद्रपुर में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बिजली, पानी, प्राधिकरण, जल भराव, पीएम आवास, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य सहित अन्य योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को समाज के अंतिम पायदान के व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को मानसून समाप्ति के बाद सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चंद तिवारी के बैठक में उपस्थित न होने के कारण एक दिन का वेतन काटने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए।

**नंदा राजजात यात्रा**

चमोली के अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में नंदा राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान विभिन्न विभागों के प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों का अति आवश्यकता वाले कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं को प्रस्तावित करने से पहले कार्य की उपयोगिता और आवश्यकता का ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में यात्रा मार्ग के पैदल रास्तों, सड़क मार्गों, पार्किंग की व्यवस्था, बिजली, पेयजल और आवास व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़ ने बताया कि नंदा देवी राजजात की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों की ओर से 121 योजनाओं के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिन्हें स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है, जबकि विभागों की ओर से 125 प्रस्तावों पर जनपद स्तर पर कार्रवाई गतिमान है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से पांच सड़क और सड़क सुरक्षा कार्यों को वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन्हें लेकर कार्रवाई गतिमान है।

**प्रशिक्षण**

रुद्रप्रयाग में ग्रामोत्थान परियोजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित क्लस्टर लेवल फेडरेशनों में सुशासन और नेतृत्व क्षमता विकास विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पहले दिन प्रशिक्षकों को सहकारिता के वैधानिक स्वरूप, उसके घटक, निदेशक मंडल के कार्य दायित्व निर्धारण, दस्तावेजीकरण, मूल्यांकन और अनुश्रवण आदि विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की शंकाओं और अपेक्षाओं का समाधान भी किया गया। प्रशिक्षक टीम ने सीएलएफ स्तर पर स्टाफ और निदेशक मंडल के सदस्यों की क्षमता वृद्धि के लिए कार्यशाला का आयोजन किया और विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

**औशधि दुकान निरीक्षण**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की सचिव नाज़िश कलीम के नेतृत्व में ''सुरक्षित दवा– सुरक्षित जीवन'' अभियान के तहत पौड़ी बाजार की औषधि दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवाओं की गुणवत्ता, जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता और एक्सपायरी व प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को केवल सुरक्षित व मानक दवाएं ही उपलब्ध करायी जाएं। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**<u>राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग</u>**

राजकीय महाविद्यालय, रुद्रप्रयाग ने अपने अस्थायी परिसर से स्थानांतरित होकर विधिवत रूप से चोपड़ा तोक के ग्राम जवाड़ी में नवनिर्मित परिसर में शिक्षण कार्य शुरु कर दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि यह स्थानांतरण उच्च शिक्षा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि परिसर के सतत उन्नयन के लिए समुदाय और महाविद्यालय के बीच सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी से इसमें सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की।